**NEWS CLIPPING:20.10.2022**

## AAJ SAMAJ

# राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में जेसी बोस विश्वविद्यालय का शानदार प्रदर्शन

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के खिलाड़ियों ने आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी के वार्षिक खेल उत्सव स्पर्धा तथा बिट्स, पिलानी (राजस्थान) के वार्षिक खेल में बोसम के अंतर्गत आयोजित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं की टीम और व्यक्तिगत स्पर्धाओं में शानदान प्रदर्शन किया है तथा विश्वविद्यालय का नाम रौशन किया है। कुलपति प्रो. एसके तोमर और कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने विश्वविद्यालय की टीम और सहयोगी स्टाफ को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने डीन छात्र कल्याण कार्यालय तथा खेल अधिकारी डॉ. सुनीता कोक के प्रयासों की भी सराहना की। विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों के 24 सदस्यीय दल ने 14 से 16 अक्टूबर, 2022 तक आईआईटी, वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता स्पर्धा में भाग लिया। प्रतियोगिता में देशभर के आईआईटी और एनआईटी सहित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के 1800 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विश्वविद्यालय की टीम ने कबड्डी, पावरलिफ्टिंग, बॉक्सिंग और शतरंज प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

विश्वविद्यालय की कबड्डी टीम ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। प्रतियोगिता में मनोज को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इसी तरह पांच सदस्यीय शतरंज टीम ने रजत पदक जीता। व्यक्तिगत खेलों में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले हर्ष, हिमांशु और कुनाल ने बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक जीते, और भरत और अमन ने पावर-लिफ्टिंग में क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीते। विश्वविद्यालय की 26 सदस्यीय टीम ने 14 से 18 अक्टूबर, 2022 तक आयोजित बिट्स पिलानी के बोसम खेल उत्सव मेंएथलेटिक्स, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और ताइक्वांडो प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया और टीम ने 12 पदक जीते। टीम के खिलाड़ी यशराज ने जैवलिन थ्रो में स्वर्ण और शॉर्ट पुट में रजत और डिस्कस थ्रो में रजत पदक, विजय ने 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में रजत पदक, अभिषेक ने 400 मीटर दौड़ में कांस्य और चितरंजन ने 5 किमी और 3 किमी दौड़ में कांस्य पदक जीता। एथलेटिक टीम ने भी 4 गुणा 100 मीटर और 4 गुणा 400 रिले दौड़ में कांस्य पदक जीते और देव ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।



खिलाड़ियों के साथ कुलपति प्रो. एसके तोमर। आज समाज

**NEWS CLIPPING:20.10.2022**

# PIONEER

# राष्ट्रीय खेलों में जेसी बोस का शानदार प्रदर्शन

## विश्वविद्यालय से 24 सदस्यीय खिलाड़ियों के दल ने लिया भाग

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के खिलाड़ियों ने आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी के वार्षिक खेल उत्सव 'स्पर्धा' तथा बिट्स, पिलानी (राजस्थान) के वार्षिक खेल में 'बोसम' के अंतर्गत आयोजित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं की टीम और व्यक्तिगत स्पर्धाओं में शानदान प्रदर्शन किया है तथा विश्वविद्यालय का नाम रौशन किया है।

कुलपति प्रो. एसके तोमर और कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने विश्वविद्यालय की टीम और सहयोगी स्टाफ को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने डीन छात्र कल्याण कार्यालय तथा खेल अधिकारी डॉ. सुनीता कोक के प्रयासों की भी सराहना की।



**जेसी बोस विश्व विद्यालय में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के साथ कुलपति प्रो. एसके तोमर।**

विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों के 24 सदस्यीय दल ने 14 से 16 अक्टूबर, 2022 तक आईआईटी, वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता 'स्पर्धा' में भाग लिया। प्रतियोगिता में देशभर के आईआईटी और एनआईटी सहित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के 1800 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विश्वविद्यालय की टीम ने कबड्डी, पावरलिफ्टिंग, बॉक्सिंग और शतरंज प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

विश्वविद्यालय की कबड्डी टीम ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। प्रतियोगिता में मनोज को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इसी तरह पांच सदस्यीय शतरंज टीम ने रजत पदक जीता। व्यक्तिगत खेलों में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले हर्ष, हिमांशु और कुनाल ने बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक जीते, और भरत और अमन ने पावर-लिफ्टिंग में क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीते।

विश्वविद्यालय की 26 सदस्यीय टीम ने 14 से 18 अक्टूबर, 2022 तक आयोजित बिट्स पिलानी के बोसम खेल उत्सव मेंएथलेटिक्स, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और ताइक्वांडो प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया और टीम ने 12 पदक जीते। टीम के खिलाड़ी यशराज ने जैवलिन थ्रो में स्वर्ण और शॉर्ट पुट में रजत और डिस्कस थ्रो में रजत पदक, विजय ने 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में रजत पदक, अभिषेक ने 400 मीटर दौड़ में कांस्य और चितरंजन ने पांच किमी और तीन किमी दौड़ में कांस्य पदक जीता। एथलेटिक टीम ने भी चार गुणा 100 मीटर और चार गुणा 400 रिले दौड़ में कांस्य पदक जीते और देव ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।

**NEWS CLIPPING:20.10.2022**

# PUNJAB KESARI

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय का शानदार प्रदर्शन

## 1800 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग

फरीदाबाद, 19 अक्तूबर (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के खिलड़ियों ने आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी के वार्षिक खेल उत्सव 'स्पर्धा' तथा बिट्स, पिलानी (राजस्थान) के वार्षिक खेल में 'बोसम' के अंतर्गत आयोजित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं की टीम और व्यक्तिगत स्पर्धाओं में शानदान प्रदर्शन किया है तथा विश्वविद्यालय का नाम रौशन किया है।

कुलपति प्रो. एस.के. तोमर और कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने विश्वविद्यालय की टीम और सहयोगी स्टाफ को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने डीन छात्र कल्याण कार्यालय तथा खेल अधिकारी डॉ. सुनीता कोक के प्रयासों की भी सराहना की।



*राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के साथ कुलपति प्रो. एस.के. तोमर।* *(छाया: एस शर्मा)*

विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों के 24 सदस्यीय दल ने 14 से 16 अक्टूबर, 2022 तक आईआईटी, वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता 'स्पर्धा' में भाग लिया। प्रतियोगिता में देशभर के आईआईटी और एनआईटी सहित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के 1800 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विश्वविद्यालय की टीम ने कबड्डी, पावरलिफ्टिंग, बॉक्सिंग और शतरंज प्रतियोगिताओं में भाग लिया।विश्वविद्यालय की कबड्डी टीम ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। प्रतियोगिता में मनोज को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इसी तरह पांच सदस्यीय शतरंज टीम ने रजत पदक जीता।

व्यक्तिगत खेलों में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले हर्ष, हिमांशु और कुनाल ने बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक जीते, और भरत और अमन ने पावर-लिफ्टिंग में क्रमश: स्वर्ण और कांस्य पदक जीते।

विश्वविद्यालय की 26 सदस्यीय टीम ने 14 से 18 अक्तूबर, 2022 तक आयोजित बिट्स पिलानी के बोसम खेल उत्सव मेंएथलेटिक्स, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और ताइक्वांडो प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया और टीम ने 12 पदक जीते। टीम के खिलाड़ी यशराज ने जैवलिन थ्रो में स्वर्ण और शॉर्ट पुट में रजत और डिस्कस थ्रो में रजत पदक, विजय ने 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में रजत पदक, अभिषेक ने 400 मीटर दौड़ में कांस्य और चितरंजन ने 5 किमी और 3 किमी दौड़ में कांस्य पदक जीता। एथलेटिक टीम ने भी 4 गुणा 100 मीटर और 4 गुणा 400 रिले दौड़ में कांस्य पदक जीते और देव ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:20.10.2022**

# NAVBHARAT TIMES

# जेसी बोस के खिलाड़ियों ने लगा दी पदकों की झड़ी

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद**

**जेसी बोस** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) के खिलाड़ियों ने आईआईटी बीएचयू के वार्षिक खेल उत्सव स्पर्धा और बिट्स के वार्षिक खेल में शानदार प्रदर्शन किया है। कुलपति प्रो. एसके तोमर और कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने विश्वविद्यालय की टीम और सहयोगी स्टाफ को शुभकामनाएं दी हैं।



विश्वविद्यालय की 24 खिलाड़ियों की टीम ने 14 से 16 अक्टूबर तक वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता भाग लिया। इसमें देशभर के आईआईटी और एनआईटी सहित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के 1800 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। वाईएमसीए की टीम ने कबड्डी, पावरलिफ्टिंग, बॉक्सिंग और शतरंज में भाग लिया। कबड्डी टीम ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। मनोज को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। शतरंज टीम ने रजत पदक जीता। व्यक्तिगत खेलों में हर्ष, हिमांशु और कुनाल ने बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक जीते, और भरत और अमन ने पावर-लिफ्टिंग में क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीते। इसके अलावा वाईएमसीए की 26 सदस्यों की टीम ने 14 से 18 अक्टूबर तक हुई बिट्स पिलानी के बोसम खेल उत्सव में ऐथलिटिक्स, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और ताइक्वांडो में 12 पदक जीते। यशराज ने जैवलिन थ्रो में स्वर्ण और शॉर्ट पुट में रजत और डिस्कस थ्रो में रजत पदक, विजय ने 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में रजत पदक, अभिषेक ने 400 मीटर दौड़ में कांस्य और चितरंजन ने 5 किमी और 3 किमी दौड़ में कांस्य पदक जीता। ऐथलिटिक्स टीम ने भी 4 गुणा 100 मीटर और 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ में कांस्य पदक जीते और देव ने ताइक्वांडो में स्वर्ण पदक हासिल किया था।

**NEWS CLIPPING:20.10.2022**

# HINDUSTAN

# शिक्षण संस्थानों के छात्रों ने खेलों में उम्दा प्रदर्शन किया

**फरीदाबाद, कार्यालय संवाददाता।** वाराणसी स्थित बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किए।

विश्ववद्यालय के अधिकारियों के अनुसार बीएचयू स्थित आईआईटी में आयोजित वार्षिक खेल उत्सव स्पर्धा और बिट्स, पिलानी के वार्षिक खेल में बोसम के अंतर्गत विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया है।

खेल अधिकारी डॉ. सुनीता कोक ने बताया कि विश्वविद्यालय के 24 सदस्यीय दल 14 से 16 अक्तूबर तक वाराणसी स्थित आईआईटी में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता 'स्पर्धा' में भाग लिया। बनारस में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में देशभर के आईआईटी और एनआईटी सहित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के 1800 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

**विश्वविद्यालय से गई थी 26 सदस्यों की टीम :** टीम के खिलाड़ियों ने कबड्डी, पावरलिफ्टिंग, बॉक्सिंग और शतरंज में बेहतर प्रदर्शन किए। विश्वविद्यालय की 26 सदस्यीय टीम ने 14 से 18 अक्तूबरतक आयोजित बिट्स पिलानी के बोसम खेल उत्सव में एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और ताइक्वांडो प्रतियोगिताओं बेहतर प्रदर्शन किए।